भारत सरकार

वित्त मंत्रालय

आर्थिक कार्य विभाग

**लोकसभा**

**अतारांकित प्रश्न संख्या 2314**

(जिसका उत्तर सोमवार, 13 दिसम्बर, 2021/22 अग्रहायण, 1943 (शक) को दिया जाना है)

**'इलेक्टोरल बांड स्कीम'**

**2314. श्री अब्दुल खालेकः**
**श्री विनोद कुमार सोनकरः**
**डॉ. सुकान्त मजूमदारः**
**श्री भोला सिंहः**
**श्री राजा अमरेश्वर नाईकः**

क्या **वित्त मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार देश में इलेक्टोरल बांड स्कीम कार्यान्वित कर रही है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ख) क्या भारतीय रिजर्व बैंक इलेक्टोरल बांड लाने के लिए प्राधिकृत है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या जारी किए गए इलेक्टोरल बांडों पर एक यूनिक हिडन अल्फान्यूमेरिक सीरियल नंबर होता है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा और इसके क्या कारण है;

(घ) क्या सरकार ने चुनावी राजनीति में काले धन के अन्तर्वाह के संबंध में इलेक्टोरल बांडों का कोई आकलन किया है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और

(ङ) नागरिकों द्वारा कितनी धनराशि के इलेक्टोरल बांडों की खरीद की गई है और आज की तारीख तक इलेक्टोरल बांडों के माध्यम से पात्र राजनीतिक दलों द्वारा चरण और दल-वार कितनी धनराशि का नकदीकरण/संग्रहण किया गया है; और

(च) सरकार द्वारा देश में चुनावी सुधार करने के लिए अन्य क्या कदम उठाए गए हैं?

**उत्तर**

**वित्त राज्य मंत्री** (**श्री पंकज चौधरी**)

(क) सरकार द्वारा 02 जनवरी, 2018 को अधिसूचना संख्या 29 (ई) के तहत इलेक्टोरल बांड स्कीम, 2018 शुरू की गई थी। 30 नवंबर, 2021 तक 18 चरण पूरे हो चुके हैं।

(ख) इलेक्टोरल बांड स्कीम, 2018 की अधिसूचना के खंड 2 (बी) के अनुसार, दिनांक 02 जनवरी, 2018 को भारतीय स्टेट बैंक को इलेक्टोरल बांड जारी करने और नकदीकरण के लिए अधिकृत किया गया है;

(ग) इलेक्टोरल बांड (ईबी) पर हिडन अल्फान्यूमेरिक नंबर किसी भी जाली ईबी के मुद्रण/नकदीकरण को रोकने के लिए आंतरिक सुरक्षा सुविधा है;

(घ) इलेक्टोरल बांड स्कीम, वास्तव में, राजनीतिक दलों के वित्त पोषण की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की दिशा में एक अभूतपूर्व कदम है और नकदी में दान के माध्यम से राजनीतिक व्यवस्था के वित्त पोषण की पारंपरिक प्रथा में बड़ा सुधार है। खरीददार को केवल भारतीय रिजर्व बैंक

(आरबीआई) द्वारा जारी केवाईसी मानदंडों के संबंध में सभी मौजूदा निर्देशों को पूरा करने और बैंक खाते से भुगतान करने पर इलेक्टोरल बांड खरीदने की अनुमति है। बांड जारी करने के लिए सभी भुगतान केवल भारतीय रुपये में, डिमांड ड्राफ्ट या चेक के माध्यम से या इलेक्ट्रॉनिक क्लियरिंग सिस्टम के माध्यम से या खरीदार के खाते में सीधे जमा के माध्यम से स्वीकार किए जाते हैं।

(ङ) जनसाधारण द्वारा खरीदे गए और पात्र राजनीतिक दलों द्वारा XVIII चरण तक भुनाए गए इलेक्टोरल बांड की राशि का विवरण अनुबंध में दिया गया है। राजनीतिक दल के अनुसार भुनाए गए इलेक्टोरल बांड का विवरण एसबीआई में केंद्रीय रूप से नहीं मिला है।

(च) सरकार ने उम्मीदवार द्वारा व्यक्तिगत उम्मीदवारों और राजनीतिक दलों आदि के प्रकटीकरण दायित्वों आदि पर किए गए खर्च से संबंधित चुनावी सुधारों की विस्तृत श्रृंखला शुरू की है। इलेक्टोरल बांड स्कीम के शुभारंभ ने राजनीतिक दलों के वित्त पोषण की प्रक्रिया में पारदर्शिता लाने की दिशा में अभूतपूर्व कदम और देश में चुनावी प्रक्रिया के वित्तपोषण में पारदर्शिता को मजबूत करने के लिए आगे बढ़ाया।

**अनुबंध**

| **चुनावी बांड (ईबी) योजना - चरणवार रिपोर्ट** | | |
|---|---|---|
| **चरण** | **ईबी की बिक्री (खरीदे गए)** | **ईबी का प्रतिदेय (नकदीकरण)** |
| | **राशि रुपये में** | **राशि रुपये में** |
| I | 2,22,00,10,000.00 | 2,21,00,02,000.00 |
| II | 1,14,90,07,000.00 | 1,14,90,01,000.00 |
| III | 1,01,40,00,000.00 | 91,40,00,000.00 |
| IV | 32,50,00,000.00 | 32,50,00,000.00 |
| V | 4,01,73,25,000.00 | 4,01,53,25,000.00 |
| VI | 1,84,20,00,000.00 | 1,84,20,00,000.00 |
| VII | 3,50,36,02,000.00 | 3,50,36,01,000.00 |
| VIII | 13,65,69,12,000.00 | 13,64,69,00,000.00 |
| IX | 22,56,37,12,000.00 | 22,51,32,11,000.00 |
| X | 8,22,25,79,000.00 | 8,19,25,75,000.00 |
| XI | 45,38,00,000.00 | 45,38,00,000.00 |
| XII | 2,31,93,00,000.00 | 2,31,93,00,000.00 |
| XIII | 81,67,00,000.00 | 81,67,00,000.00 |
| XIV | 2,82,29,01,000.00 | 2,82,29,00,000.00 |
| XV | 42,10,00,000.00 | 42,07,00,000.00 |
| XVI | 6,95,34,02,000.00 | 6,95,34,00,000.00 |
| XVII | 1,50,51,30,000.00 | 1,50,51,30,000.00 |
| XVIII | 6,14,33,95,000.00 | 6,14,33,95,000.00 |
| | **79,94,97,75,000.00** | **79,74,69,40,000.00** |

*****